# धूमा की नगर सेठानी का विसर्जन जुलूस आज

## चल समारोह मध्यभारत के विभिन्न क्षेत्रों से होंगी प्रस्तुतियां

**धूमा नवभारत। देवी पूजा के पर्व नवरात्रि में माता महाकाली की विशेष पूजा पाठ और मातारानी के आगमन से लेकर शरद पूर्णिमा को मूर्ति विसर्जन तक अपनी अनूठी कार्यशैली के लिए पूरे मध्यांचल में प्रसिद्ध महाकाली महोत्सव हर वर्ष ग्राम धूमा में मनाया जाता है जिसके चलते इस वर्ष भी मातारानी की विसर्जन यात्रा आज 6 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार को भव्यता के साथ निकाला जा रहा है। जिसमें मध्यभारत के विभिन्न भागों से नए नए आयोजन इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए रखे गए हैं।**



गौरतलब है कि शीतला माई महाकाली महोत्सव समिति धूमा के द्वारा विगत कई वर्षों से माता महाकाली की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है और उतनी ही श्रद्धा भक्ति के साथ मातारानी के भक्तों द्वारा जगह-जगह भंडारों के आयोजन के साथ रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ मातारानी की विसर्जन यात्रा निकाली जाती है। माता महाकाली की एक झलक देखने को पूरे प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से हज़ारों-लाखों की संख्या में माँ के भक्त इस कार्यक्रम में उपस्थित होते हैं और झूमते नाचते हुए माता को विदाई देते हैं।

शीतला माई महाकाली महोत्सव समिति धूमा के अध्यक्ष श्री मुकेश साहू जी ने बताया कि इस वर्ष की विसर्जन में छिंदवाड़ा से शिव तांडव नृत्य, रतलाम से अघोरी नृत्य, नरसिंहपुर से शानदार ढोल नगाड़े, मण्डला से आदिवासी लोकनृत्य, मध्यभारत के प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा कलाकार, और माँ रेवा की आरती करने वाले विशिष्ट पुजारियों के द्वारा माता महाकाली की महाआरती के साथ विभिन्न अखाड़ों के साथ माता महाकाली की विसर्जन यात्रा निकाली जा रही है जिसमें माता के भक्तों द्वारा सुबह 7 बजे से लेकर देर रात तक जगह-जगह पर भंडारों का आयोजन किया गया है। शांति-सुरक्षा के पूरे इंतजाम के साथ पुलिस प्रशासन के द्वारा इस कार्यक्रम में विशेष निगरानी भी रखी जायेगी जिससे यह कार्यक्रम निर्बाध रूप से सम्पन्न किया जा सके।

साथ ही समिति द्वारा मातारानी के सभी भक्तों से माँ महाकाली की विसर्जन यात्रा में अधिकाधिक संख्या में पहुँचने और सहयोगपूर्वक शांतिपूर्ण भाव के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की है।



# देवरीटीका लूट कांड , 12 पर मामला दर्ज

खुलेआम घूम रहे आरोपी, गैर जमानती अपराध पंजीबद्ध

13दिन बाद भी राजनीतिक दबाव के चलते एक आरोपी की भी नहीं हो पाई गिरफ्तारी




**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले के धनौरा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी टीका में दबंगों के द्वारा राजनैतिक रसूख के चलते खुलेआम मारपीट, अवैध वसूली, लूट की घटना को पुलिस पटवारी की मौजूदगी में अंजाम दिया जा रहा है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दबंगों की राजनैतिक पकड़ के कारण धनौरा छेत्र में कानून का नही बल्कि दबंगों के गिरोह का शासन चल रहा है, इतना ही नहीं पीड़ित पर झूठा मामला एससी एसटी एक्ट का भी दर्ज करा दिया जाता है जबकि जबकि पूरी घटना पुलिस के सामने की हो, बताया जाता है कि पेशे से पत्रकार प्रदीप दुबे अपनी निजी भूमि खसरा 248रकबा 1.43मे किए गए ग्राम पंचायत और प्राचार्य हाई स्कूल और ठेकेदार द्वारा अवैध अतिक्रमण को तहसीलदार धनौरा के आदेश से हटाए जाने राजस्व निरीक्षक की टीम मौके पर पहुंची थी और फोन लगाकर प्रदीप दुबे को कब्जा लेने बुलाया गया थामौके पर पहुंचे प्रदीप दुबे अपनी कार में ही बैठे थे।

इस घटना के षडयंत्र मे शामिल पटवारी द्वारा इशारा करके बुलाया गया, तभी [illegible] दो लाख की मांग नुकसान की पूर्ति के लिए की गई मना करने पर गिरोह के द्वारा स्कॉर्पियो कार में घुस कर मारपीट करते हुए दो मोबाइल छीन लिए गए, 16900 रकम जेब से निकाल लिए राड,डंडों, सीमेंट की ईट पत्थर से मारपीट की गई।

प्रदीप दुबे को पुलिस ने 112नंबर की गाड़ी में लाकर धनौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया गया और फिर जबलपुर रेफर कर दिया गया 9दिन तक इलाज चला, प्रदीप दुबे को सर मे आई चोट से फैक्चर होना बताया जा रहा है, दबंगों ने दिनांक 17/09/2025को ही पीड़ित पर एससी एसटी एक्ट का मामला पुलिस की सांठ गांठ से दर्ज करवा दिया था उधर प्रदीप दुबे के ब्यान से दिनांक 20/09/2025को धारा 296,115(2),118(1),119(2), 191(2),324(4),351(2),3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023के तहत आरोपी रामकृष्ण डेहरिया, जयंत डेहरिया , अमान सिंह शिववेदी, सुरेश डेहरिया, महेश डेहरिया, यदुनाथ गुमास्ता, ब्रजमोहन डेहरिया, नरेश राय, राकेश साहू, चमरू साहू, देवी सिंह शिववेदी, चंद्रकांत डेहरिया पर अपराध दर्ज किया गया लेकिन गैर जमानती अपराध दर्ज होने के 12 दिन बीत जाने के बाद भी धनौरा पुलिस इन दबंगों को गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है जबकि ऐसा नहीं है कि आरोपी फरार चल रहे है बल्कि खुलेआम घूम रहे है थाना के सामने से भी निकल रहे है सोशल मीडिया में व्हाट्सप, फेसबुक, इंस्टाग्राम में स्टोरी, स्टेटस, रील, पोस्ट तथा राजनैतिक व्यक्तियों के फ़ोटो निकालकर शेयर भी कर रहे है, घटना के वीडियो पुलिस के पास मौजूद होने के बाद भी गिरफ्तारी न होना, पुलिस की आरोपियों से सांठ गांठ और कई सवाल खड़े कर रहा है, इस पूरे मामले में उच्च राजनैतिक संरक्षण तथा एसडीओपी घंसौर का दबाव धनौरा पुलिस पर गिरफ्तारी न करने को लेकर बताया जा रहा है।

सूत्रों की माने तो प्रदीप दुबे ने पिछले वर्ष एसडीओपी नम्रता सोंधिया और इन्ही आरोपी गणों के द्वारा रचे जा रहे थाना धनौरा के चेंबर में षडयंत्र का सबूत के साथ उजागर कर खबर प्रकाशन करवाया था और सिवनी एसपी को शिकायत भी की थी जिसकी जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा की जा रही थी, इसी बोखलाहट से आरोपियों को एसडीओपी का पूरा संरक्षण बना हुआ है जिससे आरोपी पुलिस के सामने ,बलवा, अवैध वसूली को लेकर मारपीट, लूट, जान से मारने का प्रयास कर प्राण घातक चोट पहुंचा रहे है।

झूठी एससी एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करा रहे है, पुलिस डकैती की धारा नही लगा रही है, और आरोपी खुलेआम घूम रहे है जिससे पुलिस की छवि आरोपियों का सहयोग करने को लेकर जनता के बीच खराब हो रही है ।

# कांग्रेस ने विधानसभावार प्रभारी नियुक्त किये, 7 दिवस में पेश करें रिपोर्ट

**सिवनी नवभारत।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो के मनोनयन की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु विधानसभा वार प्रभारीं (पर्यवेक्षको) की नियुक्ति की गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने सभी नियुक्त प्रभारी गणो को निर्देशित किया है कि आपने-अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र के समस्त ब्लाको में पंहुचकर विधायक एवं समस्त कांग्रेस जनों से समन्वय स्थापित कर आम सहमति के आधार पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो के मनोनयन की प्रक्रिया के लिए प्रस्तावित नामो की सहमति हेतु बैठको में हस्ताक्षर युक्त कार्यवाही की रिपोर्ट 7 दिवस के भीतर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी को प्रस्तुत करें, ताकि अ.भा.कांग्रेस एवं म.प्र. कांग्रेस की मंशानुसार संगठन सृजन हेतु तय समय सीमा में मनोनयन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकें। विधानसभा वार नियुक्त प्रभारियों के नाम इस प्रकार है। बरघाट विधानसभा हेतु आनंद भगत उगली, शिव सनोडिया, सिवनी विधानसभा हेतु पूर्व विधायक रमेशचंद जैन, सुभाष बघेल केवलारी, केवलारी विधानसभा हेतु अतुलचंद मालू , हाजी सोहेल पाशा, लखनादौन विधानसभा हेतु विद्याधर बाबा तिवारी सिवनी, संजय बैस छपारा का समावेश है।



### मूल्यांकन परीक्षण शिविर 6 से 10 अक्टूबर तक

सिवनी। कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन में भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु मूल्यांकन परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को परीक्षण शिविरों में अवश्य भेजें।

## एक नजर में

### कान्हीवाड़ा में श्वास-दमा की दवा का नि:शुल्क वितरण आज

कान्हीवाड़ा। कान्हीवाड़ा में वर्षों से चली आ रही एक अनूठी और कल्याणकारी परंपरा इस वर्ष भी जारी रहेगी। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्वास (अस्थमा) और दमा रोग से पीड़ित लोगों के लिए दवा का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। आयोजक समिति ने बताया कि यह सेवा कार्य पिछले 75 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इस वर्ष यह विशेष कार्यक्रम 6 अक्टूबर, सोमवार को आयोजित किया जाएगा। यह नि:शुल्क वितरण शिव मंदिर प्रांगण, दुर्गा चौक, कान्हीवाड़ा में किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं और ज़रूरतमंद लोगों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस पुण्य और स्वास्थ्य लाभ का अवसर उठाएं। समिति ने क्षेत्रवासियों को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रित किया है। इस तरह के आयोजनों से न केवल स्वास्थ्य लाभ मिलता है, बल्कि सामाजिक एकजुटता की भावना भी मजबूत होती है।अधिक जानकारी के लिए सोनी ज्वेलर्स- 9755402526,सोनी रेडीमेड- 9993033874, संतोष सोनी- 9584666840 से संपर्क कर सकते है।

### नवागत कलेक्टर का किसान प्रतिनिधि मंडल ने किया स्वागत



सिवनी। किसानों का प्रतिनिधि मंडल ने आज गुलदस्ता से स्वागत किया नवगत कलेक्टर शीतला पतले का किसान नेता हुकुमचंद सनोदिया गोवर्धन पटेल अंकित जावरे राम सनोडिया नंदकिशोर सनोडिया प्रगति सील बघेल और अन्य किसान गणों ने नये कलेक्टर से मिले।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष पहुंचे पार्षद गोलू मालवीय के निवास



**बरघाट।** शनिवार 4 अक्टूबर को कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नरेश मरावी का बरघाट प्रथम आगमन हुआ ,जहां पर क्षेत्र के कांग्रेसियों के द्वारा उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया । आदर्श लान में आयोजित कार्यक्रम के बाद नरेश मरावी ने नगर के अनेक वरिष्ठ कांग्रेसियों मुलाकात की ।इस मौके पर वह वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद अभिलाष गोलू मालवीय के निवास स्थान पर पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसी उनके पिता श्री गोविंद मालवीय से आत्मीय मुलाकात की ।इस अवसर पर युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्षदेवेंद्र ठाकुर , नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील अवधवाल, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय उईके सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जाहिद खान ,युवा साथी नीरज सूर्यवंशी, प्रेम शंकर श्रीवास, इंदर अडमाचे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

सिवनी। डूंडासिवनी पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय गुन्डा बदमाश युवराज उर्फ बहादुर तेकाम और उसके साथी अभिषेक मडावी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर की रात को थाना क्षेत्र के 99 माल के पास युवराज उर्फ बहादुर तेकाम और उसके साथी अभिषेक मडावी ने स्थानीय निवासी अतुल अवस्थी को फोन कर बुलाया और वहां पहुंचते ही गाली-गलौज करते हुए धारदार चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था।

# वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के साथ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे निकली पदयात्रा

**धारनाकला नवभारत।** काग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व मे ब्लाक काग्रेस कमेटी बरघाट के द्वारा सरकार की जन विरोधी नीतियो के खिलाफ पदयात्रा निकाली गई जिसमे काग्रेस से जुडे सैकडो कार्य कर्ताओ के द्वारा बरघाट नगर से पदयात्रा प्रारम्भ की गई पदयात्रा का समर्थन भी सरकार की नीतियो से त्रस्त जनमानस ने करते हुऐ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे निकाली गई पदयात्रा का हिस्सा बनते हुए वोट चोर गद्दी छोड के नारे के साथ पदयात्रा को कार्यक्रम स्थल आदर्श लान तक एक जुटता के साथ पहूचाने मे अहम भूमिका अदा की है। आदर्श लान बरघाट मे नव नियुक्त जिलाध्यक्ष नरेश मरावी तथा काग्रेस के वरिष्ठो का सम्मान किया गया सम्मान के पश्चात सभी ने अपने अपने वक्तव्य जारी करते हुऐ देश व प्रदेश मे व्याप्त अराजकता अफसर शाही तथा लगातार जनता के साथ हो रहे धोखे तथा छलावा को जनता के सामने रखते हुऐ अपनी बात कही है।



यात्रा के माध्यम से आम लोगो को अपने मतदान के अधिकार के बारे जागरूक करना एवं पार्टी द्वारा चलाये जा रहे वोट चोर गद्दी छोड अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगो से इस अभियान के समर्थन मे एवं संविधान बचाने हेतू जन जागरण पूज्य बापू के संदेश सत्य अहिंसा शाति सद्भाव एवं सर्व धर्म समभाव सत्याग्रह के विचारो का प्रचार प्रसार तथा किसानो को उनकी उपज का वाजिब दाम मिले तथा उनकी सभी समस्याओ का निराकरण कर उनका कर्ज माफ किया जाये तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओ का लाभ आसान तरीके से आम लोगो तक पहूच सके देश से बेरोजगारी की समस्या पर भी ध्यान देने की आवशयकता एस टी एस सी ओ एवं बी सी अल्प संख्यक वर्ग के अधिकारो का संरक्षण इमानदारी से किया जाये ऐसे अनेको जनहित से जुडे मुद्दो को लेकर ग्राम स्वराज तथा पदयात्रा का आव्हान ब्लाक काग्रेस कमेटी बरघाट के द्वारा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे किया गया जिसमे छेत्र तथा जिले से भारी संख्या मे महिलाऐ तथा पुरूष एकत्रित होते चले गये।

पदयात्रा मे जिलाध्यक्ष नरेश मरावी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिह चंदेल जिला पंचायत सदस्य लकी अमूले सतीश सरेआम प्रदेश महा सचिव विनोद वासनिक टेकचन्द बोपचे अनिल सिह ठाकुर गजानंद हदिनखेडे ब्लाक काग्रेस अध्यक्ष मनोज राहंगडाले जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर राहूल उइके सभापति जिला आदिवासी काग्रेस अध्यक्ष विजय उइके तथा सैकडो की तादाद मे महिला कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस सहित छेत्र तथा जिले से उपस्थिति रही

### स्वराज पदयात्रा का स्वरूप

यहा यह भी उल्लेखनीय है की जिला काग्रेस कमेटी सिवनी के मार्ग दर्शन मे राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला सिवनी के तत्वावधान मे विगत 32 वर्षो से ग्राम स्वराज्य पदयात्रा निकाली जा रही है और इस यात्रा के माध्यम से ही मोहन सिह चंदेल पूर्व जिलाध्यक्ष जिला पंचायत सिवनी लोगो के बीच पहूचकर अपनी अमिट छाप छोड चुके है और इस बात को अपने वक्तव्य मे कहते हुए आगाह किया की भारत की आत्मा गांवो मे निवास करती है महात्मा गाँधी के इसी सिद्धात को लेकर 32 वर्षो से ग्राम स्वराज्य यात्रा लगातार अनवरत जारी है।



# राष्ट्रीय अधिवेशन में की सहभागिता

**सिवनी नवभारत।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में राष्ट्र के समस्त शिक्षक संगठनों का राष्ट्र अखिल भारतीय राष्ट्रीय अधिवेशन राजस्थान के जयपुर केशव विद्यापीठ जामडोली में शुभारंभ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान के राज्यपाल के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महामंडलेश्वर अवधेशानंद की उपस्थिति में किया गया। इस अधिवेशन में संपूर्ण राष्ट्र से लगभग 3200 प्रतिनिधि ने अपनी सहभागिता की। इस अधिवेशन में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ राज्य भोपाल के लगभग 300 प्रतिनिधि द्वारा इस अधिवेशन में अपनी सहभागिता की गई इसी कड़ी में सिवनी जिले के मध्य प्रदेश शिक्षक संघ से प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष के अविनाश पाठक सचिव संतोष सूर्यवंशी संगठन मंत्री अनिल शर्मा शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी महिलाओं का अध्यक्ष सुनीता गोनंगे एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र ने अपनी सहभागिता प्रदान की यह अधिवेशन तीन दिवसीय 5 6 एवं 7 अक्टूबर तक आयोजित होगा इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षकों की अखिल भारतीय शैक्षिक सम्मान जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सहभागिता प्रदान की है शिक्षकों के द्वारा दी गई एक-एक रुपए की राशि से एक-एक लाख रुपए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा इस अधिवेशन में भारत के सभी सभी राज्यों के प्रतिनिधि द्वारा अपनी सहभागिता की गई है इस अधिवेशन में प्रदेश के उच्च श्रेणी शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षकों को भी चतुर्थसमय मान वेतनमान रिटर्न करने के लिए भी अपनी मांग रखी गई एवंसमस्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

# भीमगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रदान की गई तीन स्कूटी

उगली नवभारत। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए मध्य प्रदेश सरकार की योजना अंतर्गत स्कूटी प्रदान की गई भीमगढ़ हायर सेकेंडरी के प्राचार्य आर.के डेहरिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन छात्र क्रमश: रिंकी पटेल, प्रियांशु पांडे आदित्य बकोड़े हायर सेकंडरी स्कूल में उच्चतम अंक 2024-25 वर्ष प्राप्त किया थे..जिन्हें विद्यालय शाला परिवार के उपस्थित शिक्षक एन.के कवास,डी के साहू, एस गोल्हानी, .एस राजपूत,विनोद यादव एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच स्थानीय गणमान्य नागरिक,पालकों की गरिमामई उपस्थिति में स्कूटी वितरण का कार्यक्रम गत दिवस संपन्न हुआ...मेधावी छात्र-छात्राओं में स्कूटी प्राप्त करने के बाद प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला एक विशेष शिक्षा का उल्लेख करते हुये,प्रेरणा स्रोत बातों का उल्लेख करते हुए सभी छात्र-छात्राओं का अभिवादन किया गया.



### दिन भर हुई रिमझिम बारिश

सिवनी। रविवार को सुबह 9 बजे तक धूप खिलने के बाद 10 बजे से शाम तक रूक-रूककर तेज व रिमझिम बारिश होते रही। इस बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग के अनुसार एक दो दिन तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है।

# आईपीएल खिलाडी अरशद खान का किया सम्मान

**सिवनी नवभारत।** वैसे तो सिवनी नगर हॉकी के लिए जाना जाता है यहां के अरशद खान सहित अनेक खिलाडियों ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला के जौहर से जिले का नाम रोशन किया इस तरह के मैच हमें गोल्ड मेडल तक ले जसते है श्े हसकी कस मंख् ही हमें ऊंचाईयों प्रदान करता है, वैसे तो मैं क्रिकेट का खिलाडी हूॅ लेकिन यहां के हाकी प्रेम को देख्ता हूॅ तो मुझे खुशी होती है उक्त उद्गार गोपालगंज निवासी आईपीएल क्रिकेट खिलाडी अरशद खान ने मेजर ध्यानचंद हाकी एस्टोटर्फ मैदान में आयोजित हॉकी मैच के दौरान सम्मान में व्यक्त किये।

इस अवसर पर पूर्व संभागीय हॉकी संघ के ज्वाइट सेकेंडरी मकसूदा मिर्जा, जिला हाकी संघ के अध्यक्ष डीएल गौर, जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे, एसबी मिर्जा, फिरदौस खान, फिरोज खान, सिफला खान, मिनाज खान मिंटू पाशा, मकसूद भाई अलीम भाई, श्याम, अमर बी सिंग अरशद खान मुमताज अली सहित अनेक लोग उपस्थित थे, मिर्जा ने मोमेंटो तथा शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस दौरान 40 वर्ष से अधिक उमग्र के खिलाडियों का मैच खेला गया जिसमें बद्रर्स क्लब ने बायज क्लब को 3-1 से हराया, दूसरा मैच आजाद स्पोर्टस एवं शफीक स्पोर्ट के बीच खेला गया।



मंचन | महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आशीष जायसवाल द्वारा प्रस्तुत नाटक में 120 कलाकारों ने किया अभिनय

# सिवनी के अमन कबीर के द्वारा लिखित महानाट्य संविधान का मंचन

**सिवनी नवभारत।** 02 अक्टूबर को गांधी जयंती और दशहरा के दिन नागपुर की दीक्षा भूमि में एक लाख से अधिक दर्शकों ने लाइट एंड साउंड ड्रामा संविधान का मंचन देखा जिसे सिवनी के युवा लेखक अमन कबीर ने लिखा । अमन कबीर द्वारा लिखित महानाट्य की प्रस्तुति महाराष्ट्र शासन के वित्त एवं योजना, कृषि ,राहत एवं पुनर्वास, कानून एवं न्यायपालिका, श्रम राज्य मंत्री एडवोकेट आशीष जायसवाल द्वारा प्रस्तुत महानाट्य संविधान का निर्देशन प्रख्यात नितिन दत्तात्रय बनसोड़ ने किया जिसमे संगीत-चतुरसेन, सेम ए आर,गीतकार प्रकाश माहुले आदम,नृत्य -पंकज ए पी रॉकर्स,




सहयोग रंग निर्देशक राजेंद्र शुक्ला, फिल्म निर्देशक संजीव मोर के अलावा 120 कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें प्रमुख भूमिका - अनिल पालकर, रवि पाटिल, स्वर्णा नालोड़े, मोनिका ठाकुर, समीर डंडारे, बशीर खान एवं अन्य रंगकर्मीयों की रही। अमन कबीर द्वारा लिखित संविधान की कहानी वर्ष 1935 से प्रारंभ होती हैं। जब अंग्रेज सरकार ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट बनाया था। साथ ही 26 जनवरी 1959 को आज़ाद भारत के मौलिक संविधान के लागू होने के दिन तक की यात्रा को नाट्य-रूप में संकलित किया गया है। संविधान के मंचन में अंग्रेजी हुकूमत के भारत छोडने् के पहले की गहरी हताशा और व्यथा-कथा, मुस्लिम लीग की द्वीराष्ट्र की परिकल्पना, विभाजन की त्रासदी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जद्दोजहद, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को संविधान निर्मात्री सभा का अध्यक्ष चुने जाने से लेकर, संविधान बनाने, उस बीच तार्किक अतार्किक बहसों के साथ-साथ बाबासाहब के व्यक्तिगत जीवन के विगत से लेकर वर्तमान तक के भोगे गए यथार्थ, धारा 370, पूना पैक्ट, हिंदू कोड बिल आदि पर हुई राजनीति जैसे अनेकानेक विषयों पर ऐतिहासिक आधार पर प्रकाश डाला गया। प्रस्तुत लाइट एंड साउंड महानाटक को जिसने भी देखा वह प्रशंसा किए बिना ना रहा।



राज्य मंत्री एडवोकेट आशीष जायसवाल के प्रयासों से नागपुर की ऐतिहासिक दीक्षा भूमि में संविधान देखकर दर्शकों ने उनके प्रति भी आभार जताया।

